तापमान
अधिकतम 30 डिग्री
न्यूनतम 17 डिग्री

हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, रविवार 23 नवंबर 2025

13 अब वनांचल से भी निकलेंगे आईएएस, आईपीएस ...

14 अब एसआईआर फॉर्म नहीं बनेगा सिरदर्द !


[ कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड ]



बच्चों में हर्निया
हर्निया ऑपरेशन से ठीक होने वाली बीमारी है, दवाईयाँ केवल समय और पैसे की बर्बादी है, जागरूक रहें, बच्चों के सर्जरी विशेषज्ञ से एक्सपर्ट ओपिनियन लें, सही समय पर सही इलाज कराएं।
आयुष्मान योजना में निःशुल्क ऑपरेशन सुविधा*
एसएमसी हॉस्पिटल
रिलायंस पेट्रोल पंप के पीछे, अर्जुनी, धमतरी
मो. 7725046397
आज ही सम्पर्क करें
डॉ प्रदीप साहू (शिशु शल्य चिकित्सा विशेषज्ञ)
MBBS, MS, MCH (PGIMER, CHANDIGARH)
15 वर्षों का विशाल अनुभव, हज़ारों बच्चों की सफल सर्जरी
प्रदीप हॉस्पिटल
बाईपास रोड, कुरुद, जिला- धमतरी
मो. 7725001343


श्री गोपाला चाइल्ड एण्ड डेंटल केयर हॉस्पिटल
रत्नाबांधा, दुर्ग रोड, धमतरी
सर्वसुविधायुक्त बच्चों का अस्पताल

बच्चों के संपूर्ण टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध

24 घंटे बच्चों के भर्ती व आपातकालीन इलाज

बच्चों के फ्रेक्चर, सर्जरी व ऑपरेशन की सुविधा
सोनोग्राफी, एक्सरे एवं सभी प्रकार के पैथालॉजी जांच सुविधा उपलब्ध


## खबर संक्षेप

### मितानिन सम्मान समारोह में शामिल होंगे पूर्व मुख्यमंत्री



■ आज पुरानी कृषि उपज मंडी में होगा आयोजन

**धमतरी।** मितानिन के अतुलनीय योगदान और जनसेवा की अविरल भावना को सम्मानित करने के उद्देश्य से 23 नवंबर को प्रातः 10 बजे पुरानी कृषि उपज मंडी धमतरी में मितानिन सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल होंगे। विधायक ओंकार साहू ने विधानसभा क्षेत्र की सभी मितानिन, कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों से उपस्थिति की अपील की है।

### संजय ने सीजी पीएससी में 12वां रैंक किया हासिल



**अंवरी।** छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की परीक्षा में सेमरा सि के छात्र संजय कुमार सिन्हा ने 12 वां रैंक हासिल किया। गौरतलब है कि संजय कुमार सेमरा सि निवासी यशवंत-यशवणी सिन्हा के पुत्र हैं। उन्होंने शुरू से मेधावी छात्र के रूप में एक अलग ही पहचान शैक्षणिक धरातल पर अपनी बनाई है। उनके चयन होने पर डॉ. सुरेन्द्र सिन्हा, विजय सिन्हा, शशिकांत, दानेश्वर सिन्हा, मनीष सिन्हा, ओमप्रकाश सिन्हा, गजेंद्र सिन्हा सहित ग्रामवासियो ने हर्ष जताया है।

### विधायक अंबिका 24 को करेंगी राजाडेरा जलाशय का निरीक्षण



**मगरलोड।** सिहावा विधायक अंबिका मरकाम 24 नवंबर सोमवार को मगरलोड दौरे पर रहेंगी। इस दौरान वे राजाडेरा जलाशय का निरीक्षण करेंगी। पूर्व नहर अध्यक्ष बिसहतराम साहू ने बताया कि क्षेत्र के सबसे बड़े जलाशय राजाडेरा वेस्ट एरिया का एक भाग लगभग 20 फीट टूट गया था। करोड़ों रुपए की लागत से बना राजाडेरा जलाशय 10 वर्ष की अवधि में टूट गया। बताया जाता है कि राजाडेरा जलाशय निर्माण में मापदंड का पालन नहीं किया गया। टूटने के बाद जल संसाधन विभाग मरम्मत कार्य में जुटा है। सिहावा विधायक अंबिका मरकाम राजाडेरा जलाशय के टूटे भाग एवं मरम्मत कार्य की गुणवत्ता का निरीक्षण करने 24 नवंबर को मगरलोड आ रही हैं। वे रेंगाडीह, परसाबुड़ा पहुंचकर किसानों से सिंचाई सुविधा व्यवस्था की जानकारी लेंगी।

---

### शासन लाखों रुपए का देगा अनुदान, एनजीओ कर रहे आवेदन

# गोठान लेंगे गोधाम का रूप, कवायद शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

लाखों रूपये की लागत से बनाए गए गोठानों को गोधाम में बदलने की कवायद शुरू हो गई है। जिला पंचायत ने जिले के 17 गोठानों का गोधाम योजनांतर्गत चयन किया है। गोधाम के लिए गैर सरकारी संगठन आवेदन कर रहे हें। शासन इसके लिए लाखों रूपये का अनुदान देगा। चरवाहा तथा पशुधन मित्रों को रोजगार मिलेगा। यहां महिला समूह वर्मी खाद, कीटनाशक आदि निर्माण कर आर्थिक आय अर्जित कर सकती है।

उल्लेखनीय है कि पूर्ववर्ती सरकार ने गो संवर्धन के लिए बड़ा काम्पसेप्ट लाया था। लाखों रूपये की लागत से गांव में गोठान बनाया। गोबर खरीदी, वर्मी खाद निर्माण, मुर्गी, बकरी पालन आदि के माध्यम से महिला स्वसहायता समूहों के लिए आजीविका का साधन तैयार किया। सरकार बदलने के बाद गोठानों में संचालित योजनाएं अधर में लटक रही है। गोठानों का फेंसिंग, शेड, टंकियां, बोर-मोटर पंप असुरक्षित तथा जर्जर होने लगे हैं। वर्तमान सरकार अब गोठानों को गोधाम बनाने की कवायद में जुट गई है।

#### गोधाम का प्रमुख उद्देश्य

श्री मरकाम ने बताया कि सड़कों पर घुमंतु पशु सड़क हादसे का मुख्य कारण बन रहे हैं। नेशनल हाईवे तथा स्टेट हाईवे में घूमने वाले पशुओं को पकड़कर गोधाम में लाया जायेगा। गौ संवर्धन के रूप में विकसित पशु नस्ल सुधार करना, गांवों की महिला स्वसहायता समूहों के लिए आजीविका का साधन उपलब्ध कराना जैसे गोकाष्ठ, वर्मी कम्पोस्ट, बकरी-मुर्गा पालन, कीटनाशक, जीवामृत, धनामृत बनाना तथा गोधाम में चारागाह विकसित करना प्रमुख है।



#### पशुधन मित्र तथा चरवाहों को मिलेगा रोजगार

प्रत्येक गोधाम में प्राथमिक उपचार और कृत्रिम गर्भाधान के लिए पशुधन मित्र को रोजगार देना होगा। शासन पशुधन मित्र को 13126 रूपये प्रतिमाह पगार देगा। इसी तरह एक चरवाहा भी रखा जाएगा जिसका मासिक वेतन 10916 रूपये होगा।

#### गोधाम में 200 पशु रहेंगे

गोधाम संचालन के लिए समूह-संस्था का निरीक्षण ब्लाक स्तर, जिला स्तर तथा राज्य स्तर पर गो सेवा आयोग करेगा। गोधाम का संचालन करने आयोग 5 लाख रूपये का अनुदान देगा। प्रथम वर्ष प्रति पशु के हिसाब से 10 रूपये चारा के लिए मिलेगा। वहीं दूसरे साल प्रति पशु के लिए 15 रूपये, तीसरे साल 25 रूपये तथा चौथे वर्ष 35 रूपये प्रति पशु चारा के लिए मिलेगा। अधिकतम 200 पशुओं को गोधाम में रखने की योजना है। गोधाम में चारागाह भी बनाना होगा।

#### गोधाम के लिए 17 गोठानों का चयन

पशुधन विकास विभाग के उपसंचालक एके मरकाम ने बताया कि जिला पंचायत ने गोधाम योजनांतर्गत जिले के 17 गोठानों का चयन किया है। प्रथम चरण में नेशनल हाईवे तथा स्टेट हाईवे के समीप गोठानों को गोधाम बनाया जाएगा। धमतरी ब्लाक में भटगांव, अर्जुनी, भोयना, पोटियाडीह, परसतराई, संबलपुर का चयन किया गया है। कुरूद ब्लाक में चटौद, जीजामगांव, उमरदा, रामपुर, सिहाद, मगरलोड ब्लाक में मेघा, करेली छोटी, बेलोरा, सौंगा तथा नगरी ब्लाक में छिपली और सांकरा गोठान को गोधाम बनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि एनजीओ ब्राईट फ्यूचर एकेडमी भेण्डरी, मां पार्वती गो सेवा जनकल्याण समिति गाड़ाडीह, गोपाल सेवा समिति सिलतरा, गोधाम विकास समिति छिंदौली महासमुद आदि ने गोधाम संचालन के लिए आवेदन दिया है।

### न्यूनतम तापमान में क्रमिक वृद्धि जारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

अंडमान निकोबार दीप समूह क्षेत्र में आसमानी सिस्टम सक्रिय है। हवा की दिशा में परिवर्तन तथा नमीयुक्त हवाओं के आगमन से अंचल के तापमान में क्रमिक वृद्धि जारी है। अंचल का न्यूनतम तापमान 13 डिग्री से बढ़कर 16 डिग्री सेल्सियस पर आ गया है। न्यूनतम तापमान में अभी और वृद्धि होने की संभावना है।

मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार प्रदेश में अगले तीन दिनों में न्यूनतम तापमान में 1 से 2 डिग्री की क्रमिक वृद्धि होगी। इसके बाद न्यूनतम तापमान में गिरावट होने की संभावना है। प्रदेश में मौसम शुष्क रहेगा। अधिकतम एवं न्यूनतम तापमान 30 सेल्सियस और 16 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना है।

---

### कल से समिति कर्मचारी करेंगे काम, ऑफलाइन टोकन भी कटेगा

# समस्याओं के बीच साढ़े 17 करोड़ की लिंकिंग वसूली

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

समस्याओं के बीच प्रभारी प्रबंधकों ने किसानों से साढ़े 17 करोड़ रूपए की ऋण वसूली की है। अब सोमवार से समितियों के कर्मचारी मोर्चा सम्हालेंगे। लगभग सभी खरीदी केंद्रों में समितियों के कर्मचारियों ने चार्ज ले लिया है।

सहकारी समिति के कर्मचारियों के आंदोलन पर रहने पर प्रशासन ने वैकल्पिक व्यवस्था करते हुए कृषि व राजस्व विभाग के कर्मचारियों को प्रभार देकर धान खरीदी कार्य में लगा दिया था। इस दौरान समस्याओं के बीच कर्मचारियों ने धान खरीदी की और बेहतर परफार्मेंस दिखाया। एक सप्ताह में प्रभारी अधिकारियों ने 3 लाख 38 हजार 183.60 क्विंटल धान की खरीदी कर ली है, जिसके एवज में किसानों को 80 करोड़ 27 लाख 86 हजार रुपए का भुगतान किया जाना है। खास बात यह है कि धान खरीदी के साथ प्रभारी अधिकारियों ने लिंकिंग वसूली भी की। जानकारी के अनुसार किसानों से 17 करोड़ 59 लाख रुपए की लिंकिंग वसूली की गई है।



#### खरीदी में आएगी रफ्तार

धान खरीदी को एक सप्ताह हो चुके हैं। प्रभारियों के भरोसे खरीदी होने के कारण केवल ऑनलाइन टोकन ही कट रहा था। नियम के तहत 30 प्रतिशत ऑफलाइन टोकन काटा जाना है, जो नहीं कटा रहा था जिसके कारण खरीदी केंद्रों की क्षमता का 70 प्रतिशत ही खरीदी हो रही थी। अब समितियों के कर्मचारियों के लौट आने के बाद ऑफलाइन टोकन भी कटेगा और खरीदी की रफ्तार बढ़ेगी।

### प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर परीक्षा की समय-सारिणी घोषित

**धमतरी।** पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर ने दिसंबर जनवरी 2025-26 में होने वाली प्रथम और तृतीय सेमेस्टर परीक्षाओं की समय-सारिणी जारी कर दी है। प्रथम सेमेस्टर (नियमित, एटीकेटी, स्वाध्यायी) की परीक्षाएं 28 नवंबर 2025 से 9 जनवरी 2026 तक तथा तृतीय सेमेस्टर (नियमित, स्वाध्यायी) की परीक्षाएं 1 दिसंबर 2025 से 12 जनवरी 2026 तक होंगी। बीएससी, बीकॉम, बीसीए, बीबीए की परीक्षाएं सुबह 8 से 11 बजे और बीए व बीएससी होम साइंस की परीक्षाएं दोपहर 1 से 4 बजे तक आयोजित होंगी। परीक्षा केंद्र 401, शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धमतरी के सभी परीक्षार्थियों को समय-सारिणी अनुसार उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं।

# ठंड को मात, मॉर्निंग वॉक में उमड़ी भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

■ ताजगी से भरी दिखी शहर की सुबह

कड़ाके की ठंड ने भले ही तापमान नीचे गिरा दिया हो, लेकिन शहरवासियों के जोश और फिटनेस के प्रति सजगता पर इसका कोई असर नहीं दिख रहा। धमतरी के पार्कों और सड़क किनारे बने रास्तों पर सुबह-सुबह मॉर्निंग वॉक करने वालों की संख्या लगातार बढ़ती ही जा रही है। सर्द हवा, कोहरा और हल्का कंपकंपा देने वाली ठंड के बावजूद फिटनेस प्रेमी अपनी दिनचर्या से एक कदम भी पीछे नहीं हट रहे हैं।

फिटनेस विशेषज्ञों के अनुसार ठंड के मौसम में सुबह की सैर शरीर को गर्म रखने, रक्त संचार को बढ़ाने और इम्यून सिस्टम को मजबूत करने में बेहद फायदेमंद होती है। यही वजह है कि शहर के लोग मौसम की परवाह किए बिना ताजी हवा और प्राकृतिक ऊर्जा का आनंद लेने सुबह-सुबह पार्कों का रुख कर रहे हैं।





सुबह के समय देखा जा रहा है कि लोग समूह में वॉक करते हुए एक-दूसरे को फिटनेस टिप्स भी दे रहे हैं। कई लोग हल्की एक्सरसाइज, स्ट्रेचिंग और तेज़ कदमों से अपने स्वास्थ्य को बेहतर बनाने पर ध्यान दे रहे हैं। वॉक करने वालों आनंद पद्मावत, पंकज चौहान, उषा चौहान, दीपक कंछल सहित कई नागरिकों ने बताया कि ठंड में मॉर्निंग वॉक करना पूरे दिन ताजगी, ऊर्जा और सकारात्मकता बनाए रखता है। मॉर्निंग वॉक के दौरान लोगों के बीच सामाजिक जुड़ाव भी बढ़ रहा है। बातचीत, हंसी-मजाक और स्वास्थ्य पर चर्चा ने ठंडी सुबह को एक खुशनुमा माहौल दे दिया है। स्वास्थ्य सबसे बड़ा धन है और मौसम इसके बीच कभी बाधा नहीं बन सकता।

---

### खपरी के प्राइमरी स्कूल भवन की हालत खस्ता, बच्चों को भेजने से पालकों ने किया इंकार

# खुले प्रांगण में पढ़ने को मजबूर प्राइमरी स्कूल के छात्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

अतिजर्जर हो चुके स्कूल भवन में पालकों ने अपने बच्चों को पढ़ाने से मना कर दिया है। अब स्थिति यह है कि पूरा स्कूल पेड़ के नीचे खुले आसमान में आ गया है। पढ़ने, लिखने से लेकर खाना खाने तक सभी काम इसी खुले आंगन में कर रहे हैं। पालकों ने चेतावनी दी है कि जब तक नया स्कूल भवन नहीं मिलता है। वे इसी खुले आंगन में स्कूल संचालित करेंगे। जरूरत पड़ी तो तालाबंदी कर प्रदर्शन भी करेंगे।

ग्राम खपरी में प्राइमरी स्कूल का इतिहास करीब 100 साल पुराना है। यहां पर काफी पुराने भवन में स्कूल की शुरूआत की गई थी। बाद में दो नए कमरे और बनाए गए। पुराना भवन तो काफी पहले ही जर्जर हो चुका था, जिसे हाल ही में डिस्मेंटल किया गया। बाद में जो दो कमरे बनाए गए थे, वे भी काफी जर्जर हो गए हैं। सालों पहले कमरों के खप्पर को हटकार क्रांक्रीट का लेंटर ढाल दिया गया था। दीवारों पर उपर से सीमेंट का प्लास्टर कर दिया गया। आकर्षक रंगरोगन भी किया गया, जिससे स्कूल उपर से काफी खूबसूरत दिखाई दे रहा है। विडंबना यह है कि इस भवन में ईंटों की जुड़ाई मिट्टी से की गई थी। अब सीपेज के चलते ईंटों की बीच की मिट्टी धुल गई है और भवन धीरे-धीरे नीचे बैठ रहा है। काफी पुराना होने के कारण यह भवन काफी ⏩ शेष पेज 12 पर





#### आश्वासन के अलावा कुछ नहीं मिला

पालकों के इस निर्णय के बाद पूरा स्कूल खुले प्रांगण में एक पेड़ के नीचे आ गया है। पालकों ने बताया कि यहां पर कक्षा लगाने के लिए कोई अतिरिक्त कक्ष नहीं है। आसपास कोई खाली भवन भी नहीं है, जहां पर स्कूल को स्थानांतरित किया जा सके। पालकों ने बताया कि कई बार वे इस जर्जर स्कूल भवन को डिस्मेंटल कर नया भवन बनाने की मांग अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से कर चुके हैं। उन्हें आश्वासन के अतिरिक्त कुछ नहीं मिला है।

#### होगी परेशानी

ठंड के मौसम में तो स्कूल जैसे-तैसे खुले प्रांगण में संचालित हो जाएगा, लेकिन गर्मी और बारिश के मौसम में स्कूल लगाना मुश्किल हो जाएगा। रिटायर शिक्षक रेवाराम रायपुरिया, श्रीमती नैना साहू, श्रीमती भारती साहू, सुनील साहू, उपसरपंच ऋषि साहू ने बताया कि वे किसी भी कीमत पर इस जर्जर स्कूल में बच्चों को बैठने नहीं देंगे। जरूरत पड़ी तो वे आंदोलन करेंगे।

#### करेंगे निरीक्षण

सोमवार को स्कूल का निरीक्षण किया जाएगा। भवन यदि मरम्मत लायक नहीं होगा तो नये भवन का प्रस्ताव बनाया जाएगा। जरूरत पड़ी तो ग्रामीणों, सरपंच व पालकों से चर्चा कर भवन की वैकल्पिक व्यवस्था की जाएगी।

*- लीलाधर चौधरी, बीईओ*

### हाफ बिजली की घोषणा से मिलेगी राहत : शर्मा

**कोरर।** प्रदेश में भाजपा के विष्णुदेव साय सरकार की कैबिनेट बैठक में 200 यूनिट बिजली बिल हाफ करने का निर्णय स्वागत योग्य है। भारतीय जनता पार्टी मंडल महामंत्री कोरर नरेंद्र शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने विधानसभा के विशेष सत्र में बिजली उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए बड़ा फैसला किया है। घरेलू बिजली उपभोक्ताओं के बिजली बिल 200 यूनिट तक हाफ किया जाएगा। इस योजना से प्रदेश के लाखो लोगों को सीधे राहत मिलेगी। भारत सरकार और राज्य सरकारों ने गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों की मदद के लिए बिजली बिल माफी योजना 2025 शुरू की है। इस योजना के तहत पुराने बिजली बिल माफ किए जाएंगे और पात्र घरेलू उपभोक्ताओं को हर महीने 200 यूनिट तक मुफ्त बिजली मिलेगी। इससे गरीब परिवारों को बिजली बिल का भारी बोझ कम होगा और उनका जीवन आसान बनेगा । सरकार की फैसले का प्रदेश की जनता ने स्वागत किया है।


## पाठक सूचना

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768
9098324969

## खबर संक्षेप



### रामपुर स्कूल में कैरम इंटर हाउस इंटरामुरल प्रतियोगिता हुई

**बगदेही(धमतरी)।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामपुर में शनिवार को कैरम इंटर हाउस इंटरामुरल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यालय के चारों हाउस सत्यम, शिवम, सुंदरम, मधुरम हाउस के बच्चों ने हिस्सा लिया। यह प्रतियोगिता बालक वर्ग एवं बालिका वर्ग में रखी गई जिसमें प्रथम स्थान सोहन, द्वितीय रुद्रप्रताप, तृतीय यूनिता, चतुर्थ शौर्य ने प्राप्त किया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्राचार्य आरके बघेल थे। मौके पर विद्यालय के व्याख्याता आरके टंडन, केके वर्मा, एचके साहू, बीके निषाद, जेके साहू व्यायाम शिक्षक गुलशन साहू, डीके साहू, पी. शर्मा, एस. साहू, जे. ध्रुव, एम. ठाकुर समेत छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## निधन

### दुवारूराम साहू

**मगरलोड।** ग्राम आमाचानी निवासी दुवारूराम साहू का 21 नवंबर शुक्रवार को निधन हो गया। वे कुमारी साहू के पति एवं टीकम साहू के पिता, लोकेश साहू के दादा थे। उनके अंतिम संस्कार में सामाजिकजन एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।



### गिरिजादेवी ओझा

**पुरूर(धमतरी)।** ग्राम चिटौद निवासी गिरिजा देवी ओझा 85 वर्ष का 22 नवम्बर शनिवार को निधन हो गया। वे देवेन्द्र ओझा, शैलेन्द्र ओझा की माता थीं। उनका अंतिम संस्कार ग्राम चिटौद के मुक्तिधाम में किया गया जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए और श्रद्धांजलि अर्पित की।



### श्यामसुंदर सिन्हा

**धमतरी।** सियादेही कुकरेल निवासी वरिष्ठ कांग्रेसी एवं पूर्व विधायक प्रतिनिधि श्यामसुंदर सिन्हा का 22 नवम्बर को दोपहर 3:30 बजे निधन हो गया। अंतिम संस्कार 23 नवम्बर रविवार सुबह 10 बजे उनके निज निवास ग्राम सियादेही कुकरेल में किया जाएगा। वे जगदीश सिन्हा, चमन सिन्हा के पिता थे।



### त्रिवेणी साहू

**धमतरी।** दानीटोला वार्ड निवासी श्रीमती त्रिवेणी बाई साहू का 21 नवम्बर को आकस्मिक निधन हो गया। वे नंदकुमार साहू की पत्नी, देवव्रत साहू की मां, भगवती, नरेन्द्र, जगदीश साहू की भाई बहू व गोलू, पप्पू व हरीश की चाची थी। अंतिम यात्रा निवास स्थान से शांतिघाट के लिए निकाली गई जिसमें परिजन सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागिरक शामिल हुए।



## प्रथम पृष्ठ का शेष

### खुले प्रांगण में पढ़ने को मजबूर प्राइमरी स्कूल के छात्र

जर्जर हो गया है। आए दिन यहां कांक्रीट, प्लास्टर, मलबा गिरता है। शुक्रवार को भी यहां स्कूल बंद करते समय गेट के पास कांक्रीट का बड़ा सा टुकड़ा धड़ाम से नीचे गिरा। इससे वहां पर कर्मचारी डर गए। उन्होंने तुरंत इसकी सूचना शाला विकास समिति को दी। शनिवार को स्कूल लगने से पहले शाला प्रबंधन समिति एवं पालकों ने स्कूल में बैठक आयोजित की। बैठक में निर्णय लिया गया कि वे खतरा मोल लेकर अपने बच्चों को इस जर्जर स्कूल भवन में नहीं पढ़ाएंगे।

शिक्षक संघ ने किया आदेश का किया विरोध

# अब शिक्षक रखेंगे आवारा कुत्तों पर भी नजर

हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड

छत्तीसगढ़ में स्कूलों के संस्था प्रमुख अब सिर्फ पढ़ाई-लिखाई एवं कार्यालयीन कार्य तक सीमित नहीं रहेंगे। अब स्थानीय सतर्कता बल के सदस्य की तरह भी काम करेंगे। सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के परिपालन में लोक शिक्षण संचालनालय नवा रायपुर छत्तीसगढ़ ने एक सख़्त निर्देश जारी करते हुए हर स्कूल में प्राचार्य या संस्था प्रमुख को नोडल अधिकारी के रूप में जिम्मेदारी सौंपी है जिसका पहला काम होगा स्कूल के आसपास घूम रहे आवारा कुत्तों की जानकारी तुरंत पंचायत, जनपद या निगम के डॉग कैचर अधिकारियों तक पहुंचना होगा। शिक्षकों की ड्यूटी पहले से निर्वाचन कार्यालय में मतदाता पुनरीक्षण बीएलओ में लगी है। शासन प्रशासन द्वारा युक्तियुक्तकरण के नाम पर शिक्षकों का मनोबल ऐसे भी कमजोर किया जिसके कारण वैसे भी स्कूल शिक्षकों की कमी से जूझ रहे हैं। एक शिक्षक की ड्यूटी निर्वाचन कार्य में नाम जोड़ो-काटो कार्य में लगा है। अब दूसरे शिक्षक आवारा कुत्तों की निगरानी के अलावा पांच कक्षाओं को पढ़ाने की जिम्मेदारी निभा रहे हैं। शिक्षा के अधिकार अधिनियम 2009 के तहत शिक्षकों को चुनाव ड्यूटी, दस





वर्षीय जनगणना तथा आपदा की स्थिति को छोड़ किसी भी गैर शिक्षकीय कार्य से मुक्त कर रखने का नियम है। किंतु शासन प्रशासन द्वारा समय-समय पर गैर शिक्षकीय कार्य कराया जाता है। इतना ही नहीं शिक्षकों को विभिन्न प्रकार के ऑनलाइन कार्य करने पड़ते हैं। शिक्षक और स्कूल का मूल्यांकन सिर्फ रिजल्ट के आधार पर करते हैं। शासन प्रशासन की इस तरह के रवैए से शिक्षकों का मनोबल बहुत कमजोर होता है। ऐसे में कैसे स्कूल में गुणवत्ता नहीं आएगी।

संयुक्त शिक्षक संघ के अध्यक्ष अमित महोबे एवं जिला कोषाध्यक्ष डेवेश कुमार साहू ने उपरोक्त गैर शिक्षकीय कार्यों का घोर आपत्ति व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि शिक्षा के अधिकार अधिनियम 2009 का परिपालन हो तथा आवारा कुत्तों के संदर्भ में सुप्रीम कोर्ट ने शिक्षकों की ड्यूटी लगाने के लिए नहीं कहा है, बल्कि उसके आदेश के पालन के लिए शासन अन्य व्यवस्था करें। स्कूलों में बाउंड्री वॉल सहित अन्य मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराई जाए ताकि यह विकट स्थिति निर्मित ना हो।

विरोध करने वालों में प्रांतीय महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष ममता खालसा ,प्रांतीय सहसचिव हरीश सिन्हा, जिला सचिव शेष नारायण गजेन्द्र, जिला संयोजक लोमश प्रसाद साहू, जिला उपाध्यक्ष जयंत साहू, आलोक मत्स्य पाल, राणाजी राव रणसिंह, लोचन साहू, मीडिया प्रभारी दीपक सहारे, ब्लॉक अध्यक्ष कुरूद हूमन चन्द्राकार, ब्लॉक अध्यक्ष मगरलोड बेदराम साहू, ब्लॉक अध्यक्ष नगरी पदुमलाल साहू, ब्लॉक अध्यक्ष धमतरी वरूण साहू समेत अनेक पदाधिकारी शामिल हैं।

# विष्णुदेव की सरकार में विकास कार्यों को मिली गति : सार्वा

- ग्राम गढ़डोंगरी में जिपं अध्यक्ष ने महतारी सदन भवन निर्माण का किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

ग्राम गढ़डोंगरी (माल) में महतारी सदन भवन निर्माण के लिए भूमिपूजन जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा ने किया। अध्यक्षता सरपंच रंजनी नेताम ने की।

मुख्य अतिथि श्री सार्वा ने कहा कि विष्णुदेव की सरकार में विकास कार्यों को नई गति मिली है। डबल इंजन की सरकार जनकल्याणकारी योजनाओं को तेजी से जमीन तक पहुंचा रही है। महतारी सदन का निर्माण महिलाओं के समूह, संगठन तथा विभिन्न कार्यक्रमों के संचालन में अहम भूमिका निभाएगा। जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस ने भी सरकार की विकास योजनाओं और जिला पंचायत अध्यक्ष के सतत प्रयासों की सराहना की। ग्रामीणों ने महतारी सदन के निर्माण को गांव में विकास एवं महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताते हुए हर्ष व्यक्त किया। मौके पर जिला पंचायत सदस्य गरिमा नेताम, जनपद सदस्य पन्नालाल मरकाम, शिवनाथ मरकाम, गोंडवाना समाज के अध्यक्ष टिकेश्वर प्रसाद, उपसरपंच गढ़डोंगरी मॉल भुवनेश्वर नेताम, उपसरपंच गढ़डोंगरी रै. दलगंजन मरकाम, रामदयाल यादव, पूर्व सरपंच कपिल कुमार मरकाम, मनोहरलाल सोनवानी, टिकेश्वर ध्रुव, राजकुमार नेताम, कुलदीप, गोपाल ध्रुव, हनी कश्यप, रवि भट्ट सहित अन्य उपस्थित थे।



### रसायनशास्त्र की प्रायोगिक परीक्षा 24 को

**कुरूद।** कंडेल कॉलेज में बीएससी (रसायनशास्त्र) तृतीय सेमेस्टर के नियमित एवं अमहाविद्यालयीन परीक्षार्थियों की प्रायोगिक परीक्षा 24 नवंबर सोमवार को आयोजित की जाएगी। परीक्षा दो सत्रों में होगी। पहले सत्र में क्रमांक 01 से 136 तक के विद्यार्थियों की प्रायोगिक परीक्षा प्रातः 9:30 बजे तक वहीं दूसरे सत्र में क्रमांक 137 से 220 तक के विद्यार्थियों की परीक्षा 10:30 बजे से होगी। निर्धारित समय पर अनुपस्थित रहने पर परीक्षार्थी स्वयं जिम्मेदार होंगे।

### भूगोल की प्रायोगिक परीक्षा 24 से

**कुरूद।** बीए, बीएससी और बीकॉम प्रथम व तृतीय सेमेस्टर (भूगोल) के डीएससी, डीएसई व जीई विषयों के नियमित व निजी परीक्षार्थियों की प्रायोगिक परीक्षा तिथि घोषित कर दी गई है। पहला चरण 24 नवंबर को प्रातः 10 बजे प्रथम सेमेस्टर के लिए तथा दूसरा चरण 26 नवंबर को प्रातः 10 बजे तृतीय सेमेस्टर के लिए आयोजित होगा। विभाग ने निर्देश दिए हैं कि परीक्षार्थी निर्धारित समय से आधा घंटा पूर्व प्रायोगिक फाइल व आवश्यक सामग्री के साथ उपस्थित हों।

# आज महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का परचम लहरा रहीं : हृदय

- खेलकूद प्रतियोगिता में 300 महिला खिलाड़ियों ने दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

महिला खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन नगरी के खेल मैदान में हुआ।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि विधायक सिहावा थीं। अध्यक्षता नगर पंचायत नगरी के अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा ने की। विशिष्ट अतिथि हृदय साहू उपाध्यक्ष जनपद पंचायत नगरी, भानेंद्र ठाकुर, पार्षद राजा पवार, शंकर देव, अश्वनी निषाद, विकासखंड शिक्षा अधिकारी केआर साहू, प्राचार्य सेजेस नगरी एसके प्रजापति तथा विकासखंड खेल प्रभारी खेमराज साहू थे। कार्यक्रम में प्रधानपाठक टिकेश साहू, शशिकांत बैरागी, ओमप्रकाश देव, मानसिंह साहू, लोचन कश्यप सहित विकासखंड के सभी व्यायाम शिक्षक उपस्थित रहे। 9 से 18 वर्ष तथा 18 से 35 वर्ष आयु वर्ग की लगभग 300 महिला खिलाड़ियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। एथलेटिक्स, वॉलीबॉल, खो-खो, बास्केटबॉल, बैडमिंटन, रस्साकसी, हॉकी सहित विभिन्न खेलों में खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए बेहतरीन खेल भावना, अनुशासन और प्रतिभा का परिचय दिया।

जनपद उपाध्यक्ष हृदय साहू ने कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का परचम लहरा रही हैं। खेल न सिर्फ शरीर को मजबूत बनाते हैं बल्कि आत्मविश्वास, अनुशासन और नेतृत्व क्षमता भी विकसित करते हैं। कार्यक्रम का संचालन प्रधान पाठक ओमप्रकाश देव तथा आभार प्रदर्शन विकासखंड शिक्षा अधिकारी केआर साहू ने किया। स्वास्थ्य विभाग, पुलिस विभाग और नगर पंचायत नगरी के अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं पेयजल की समुचित व्यवस्था की गई।



# 873 स्कूलों में 36 हजार से अधिक बच्चों का 48 अवधारणाओं पर आकलन

- जिले में बाल दिवस पर आयोजित हुआ एफएलएन मेला

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

राज्य शिक्षा विभाग, एससीईआरटी एवं समग्र शिक्षा के संयुक्त निर्देशानुसार जिले के सभी प्राथमिक विद्यालयों में बाल दिवस के अवसर पर एफएलएन (फाउंडेशनल लिटरेसी एंड न्यूमेरेसी) मेला उत्साहपूर्वक आयोजित किया गया। पारंपरिक मेले से बिल्कुल अलग इस शैक्षिक मेले में बच्चों ने हिंदी, गणित, अंग्रेजी तथा बालवाड़ी से संबंधित कुल 48 अवधारणाओं पर आधारित आकर्षक स्टॉल तैयार किए थे। प्रत्येक स्टॉल पर सीखने-सिखाने की रोचक गतिविधिया थीं, जिनके माध्यम से बच्चों ने खेल-खेल में अपनी विषयगत समझ का स्वयं आंकलन किया। डाइट नगरी के मार्गदर्शन में आयोजित इस मेले में जनप्रतिनिधियों, शाला प्रबंधन समिति तथा शिक्षा विभाग के अधिकारियों की सक्रिय उपस्थिति रही। नगरी ब्लॉक के 341 विद्यालयों के 11987 विद्यार्थी, कुरूद के 184 विद्यालयों के 9681 विद्यार्थी, धमतरी ब्लॉक के 195 विद्यालयों के 8034 विद्यार्थी तथा मगरलोड के 153 विद्यालयों के 6330 विद्यार्थी इसमें शामिल हुए। इस प्रकार जिले के कुल 873 विद्यालयों के 36032 विद्यार्थियों का एक ही दिन में आंकलन सम्पन्न हुआ।

डाइट नगरी प्राचार्य प्रकाश राय एवं जिला एफएलएन प्रभारी संगीता रनघाटी ने बताया कि मेले की तैयारी के लिए शिक्षकों को दो चरण में तीन-तीन दिवस का ऑनलाइन प्रशिक्षण दिया गया था। डीआरजी शिक्षक कैलाश सोन, अनुसुईया सिन्हा, लालाराम साहू, दीपेंद्र साहू, कमलेश देवांगन सहित चारों विकासखंडों के बीआरजी प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में स्टॉल संचालन एवं मेले की बारीकियों पर कार्य किया गया। मेले की मॉनिटरिंग जिला शिक्षा अधिकारी, बीईओ, एपीसी तथा डाइट संकाय द्वारा की गई।

# छात्रों को नियमित गृह कार्य दिया जाए और उनकी जांच भी की जाए

- मेगा पीटीएम में पालकों ने शिक्षकों को दी सलाह

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शासकीय उच्चता माध्यमिक विद्यालय देमार में पालक शिक्षक बैठक का आयोजन हुआ। प्राचार्य डीएन साहू ने त्रैमासिक परीक्षा परिणाम की समीक्षा सबके समक्ष रखी गई और बैठक की एजेंडे की जानकारी दी। एजेंडा अनुसार बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य, परीक्षा तनाव प्रबंधन, बोर्ड परीक्षा की तैयारी, नशामुक्ति अभियान और बच्चों के कक्षागत स्तर आकलन के संबंध में चर्चा की गई।

पालक लोकेश सोनवानी, लक्ष्मीकांत साहू, त्रिभुवन यादव, खोमीन भारती, मीरा साहू, टिकेश्वर जोशी ने अपने बच्चों के संबंध में शिक्षकों से चर्चा की। पालक, शिक्षक और विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न बिंदुओं पर सकारात्मक चर्चा की गई। विद्यालय की शाला नायिका मुस्कान खुटारे एवं धारिणी साहू ने अपने विचार रखे। शिक्षक श्रीमती एचके छाबड़ा, जेएल साहू, बीआर साहू ने विद्यार्थियों के बेहतर परीक्षा परिणाम पर अपने विचार रखे। कुछ पालकों ने सलाह दी कि विद्यार्थियों को नियमित गृह कार्य दिया जाए और उनकी जांच भी की जाए। कार्यक्रम में समिति के सदस्य शीत कुमार साहू और जोगेंद्र सेन ने भी भाग लिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अंगेश्वर साहू अध्यक्ष शाला प्रबंधन एवं विकास समिति ने कहा कि परिश्रम का कोई विकल्प नहीं है। शिक्षा ही विकास का एकमात्र मूल आधार है। सरपंच विमलेश मीनपाल ने शिक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता प्रकट करते हुए कहा कि विद्यार्थी लगन से प्रयास करें, उनकी हर समस्या का समाधान होगा। इस दौरान त्रैमासिक परीक्षा में उत्कृष्ट परिणाम देने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। बैठक का संचालन बी. सिन्हा ने किया।



## 77वें एनसीसी दिवस पर महाविद्यालय में हुआ आयोजन

# रक्तदान शिविर में 20 यूनिट रक्त हुआ संग्रहित

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

77वें एनसीसी दिवस के उपलक्ष्य में 27 छग बटालियन के कमान अधिकारी कर्नल सौरभ कुमार एवं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अरूण कुमार मिश्रा के नेतृत्व में महाविद्यालय प्रांगण में परेड का आयोजन किया गया, जिसमें प्राचार्य ने परेड की सलामी ली। इस अवसर पर उन्होंने महाविद्यालय परिसर में पौधरोपण भी किया गया।

कार्यक्रम के तहत महाविद्यालय की एनसीसी इकाई, रेडक्रॉस तथा एनएसएस इकाई द्वारा संयुक्त रूप से एचडीएफसी बैंक धमतरी के सीएसआर कार्यक्रम के सहयोग से जिला अस्पताल धमतरी के माध्यम से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एचडीएफसी बैंक से मयंक, रेवेंद्र आताप, प्यारेलाल वर्मा एवं देवेंद्र कुमार साहू उपस्थित थे। रक्तदाताओं को पौष्टिक आहार के हैम्पर और प्रशस्ति पत्र वितरित किए गए।

जिला चिकित्सालय धमतरी से चिकित्सा अधिकारी डॉ. ऋषभ राजपूत सहित घनश्याम बंजारे, उमाकांत वैद्य, गायत्री साहू, सोहनलाल प्यारदा, पूजा गायकवाड़, लोकेश यादव एवं श्रीमती बेला सोनवानी ने रक्तदान प्रक्रिया को सफलतापूर्वक संपन्न कराया। प्राचार्य ने रक्तदान की आवश्यकता एवं महत्त्व पर जानकारी दी, वहीं डॉ. ऋषभ राजपूत ने रक्तदान से जुड़ी सावधानियों और चिकित्सीय उपयोगिता पर प्रकाश डाला। एचडीएफसी बैंक के मयंक ने सीएसआर की भूमिका पर जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन मेजर डॉ. ओमजी गुप्ता तथा आभार प्रदर्शन डॉ. राजकुमार पाण्डेय ने किया। कुल 20 यूनिट रक्तदान हुआ, जिसमें शारीरिक शिक्षा के 12 छात्र, एनसीसी के 1 कैडेट, महाविद्यालय के 3 अधिकारी-कर्मचारी, एनएसएस के 2 सदस्य और 2 पूर्व छात्र सम्मिलित थे।



## अंचल की खबरें

### आर्मी नर्सिंग असिस्टेंट भर्ती परीक्षा में दानेश्वर का चयन



**अंवरी।** थल सेना नर्सिंग असिस्टेंट भर्ती परीक्षा में भखारा के वार्ड क्रमांक 3 निवासी दानेश्वर साहू पिता रुकेश शालिक साहू का चयन हुआ है। उन्होंने अपने परिवार व नगर पंचायत भखारा भठेली का नाम रोशन किया है। उनके चयन पर नगर पंचायत भखारा अध्यक्ष ज्योति जैन ने हर्ष जताया है। दानेश्वर की चयन प्रक्रिया लिखित परीक्षा से शुरू होकर फिजिकल व मेडिकल परीक्षण तक चली। नवंबर माह में आए फाइनल परिणाम में उन्होंने सफलता प्राप्त की। दानेश्वर का चयन भखारा भठेली नपं क्षेत्र से पहला चयन माना जा रहा है, जिससे परिवार सहित पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर है। परिजनों ने बताया कि धनेश्वर की इस उपलब्धि से सभी प्रसन्नचित हैं और अब वे देश की सेवा के लिए आगे बढ़ेंगे। दानेश्वर की प्रारंभिक शिक्षा शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला भखारा में हुई तथा कॉलेज की पढ़ाई वेदव्यास कॉलेज से पूर्ण की। अब वे आगामी दिनों में आर्मी नर्सिंग असिस्टेंट के प्रशिक्षण हेतु प्रस्थान करेंगे। उनकी सफलता ने क्षेत्र के युवाओं को भी प्रेरित किया है।

### आमगांव, भुरसीडोंगरी में दी गई एसआईआर की जानकारी



**नगरी।** ग्राम पंचायत आमगांव, भुरसीडोंगरी में एसआईआर अंतर्गत नाम जोड़ने एवं संशोधित करने का कार्य व्यवस्थित रूप से जारी है। ग्राम पंचायत में लोगों की बड़ी दिखाई दे रही है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता द्वारा नियमों के अनुसार वर्ष 2003 की सूची में नाम उपलब्ध होना आवश्यक, मतदाता सूची में फोटो अनिवार्य, माता-पिता का नाम, सरल क्रमांक, भाग संख्या आदि विवरण की जानकारी दी जा रही है। सत्यापन के उपरांत पात्र व्यक्तियों के नाम एसआईआर पोर्टल में जोड़े या हटाए जा रहे हैं। इस कार्य में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता रुक्मणि ध्रुव, मितानिन सियाबाई ध्रुव, सरपंच कमितला, सचिव धनुष नेताम सहित ग्राम पंचायत आमगांव की टीम सक्रिय रूप से सहयोग कर रही है।

### महिला खेल महोत्सव में रामपुर की बालिका खो-खो टीम उपविजेता रही



**बगदेही(धमतरी)।** विकासखण्ड स्तरीय महिला खेल महोत्सव का आयोजन अटल बिहारी वाजपेई स्टेडियम कुरूद में किया गया। एथलेटिक्स, खो-खो समेत अनेक खेल हुए। इस स्पर्धा में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामपुर से बालिका की खो-खो टीम ने हिस्सा लिया और द्वितीय स्थान अर्जित करके उपविजेता बनी। इस टीम में यूनिता, टुकेश्वरी, लोकेश्वरी एवं व्यायाम शिक्षक गुलशन साहू शामिल रहे।

### सेवानिवृत्त पेंशनरों का हुआ सम्मान




**नगरी।** तहसील पेंशनर्स समाज नगरी द्वारा सिंचाई एवं शिक्षा विभाग से सेवानिवृत्त हुए वरिष्ठ पेंशनर्स तथा परिवार पेंशन प्राप्त महिलाओं का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में ग्राम अंजनी रानीगांव के नंदूराम साहू सिंचाई विभाग, दुगली के गजराज सिंह ध्रुव शिक्षा विभाग तथा परिवार पेंशन प्राप्त महलाओं आशाबाई नेताम छिपली व कचरा बाई साहू सांकरा ने पेंशनर्स समाज की सदस्यता ग्रहण की। तहसील पेंशनर्स समाज नगरी के अध्यक्ष आरएल देव ने श्रीफल भेंट किया। एलएन दीक्षित, बीएल सार्वा, एलएस गजपाल, पीआर चंद्रवंशी, डीएस ध्रुव, जीसी.साहू, पीएल सिन्हा, जीसी वर्मा, एसपी ग्वाले, एस. कश्यप, मोहन साहू सहित अन्य पेंशनर्स साथियों ने हर्ष जताया। इसी क्रम में तरतीला बेगम नगरी ने भी सदस्यता ग्रहण की। अध्यक्ष आरएल देव एवं संरक्षक एएल बनपेला ने उनका आत्मीय स्वागत किया।

### चिरायु टीम ने छात्रों की सेहत जांची



**बगदेही(धमतरी)।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामपुर में गुरुवार को चिरायु की टीम ने छात्रों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। नॉर्मल चेकअप से लेकर सिकलिन परीक्षण किया गया। छात्रों को मौसमी बीमारी से बचने के उपाय के बारे में जानकारी दी गई। मौके पर शिक्षक शिक्षिकाएं व छात्र- छात्राएं उपस्थित थे।

### पीटीएम में शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने पर हुई चर्चा



**बगदेही(धमतरी)।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामपुर में पालक शिक्षक मीटिंग का आयोजन किया गया जिसमें विद्यालय के बच्चों व पालकों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शाला विकास समिति के अध्यक्ष सोम प्रकाश दुबे थे। शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ाने एवं स्कूल की पढ़ाई के स्तर, परीक्षा परिणाम, स्कूल में बच्चों की उपस्थिति, अनुशासन, बच्चों द्वारा घर में पढ़ाई का समय आदि विषयों में गहन चर्चा हुई। मौके पर प्राचार्य आरके बघेल, आरके टंडन, एचके साहू, केके वर्मा, बीके निषाद, जेके साहू, व्यायाम शिक्षक गुलशन साहू, डीके साहू, पी. शर्मा, एस. साहू, जे. ध्रुव, एम. ठाकुर समेत पालकगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## अंचल की खबरें

### शिविर में फॉर्म भरने की प्रक्रिया की दी जानकारी



**धमतरी।** विंध्यवासिनी वार्ड के पार्षद अखिलेश सोनकर ने गणेश चौक सहित कई स्थानों पर जागरूकता शिविर लगाए। उन्होंने लोगों को फॉर्म भरने की प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी। मौके पर फॉर्म भरवाकर सहयोग भी किया। अखिलेश सोनकर ने बताया कि शिविर लगातार 10 दिनों तक वार्ड के विभिन्न मोहल्लों में आयोजित किए जाएंगे, ताकि अधिक से अधिक लोग जागरूक हों और फॉर्म भरने में किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

### शोकाकुल परिवार से मिले महापौर



**धमतरी।** जनपद पंचायत धमतरी के सभापति अग्रवाल साहू के परिवार में हुए दुखद निधन की सूचना पर महापौर रामू रोहरा शोक संतप्त परिवार के निवास पहुंचे और परिजनों को ढांढस बंधाया। इस अवसर पर महेंद्र पंडित, अनिल तिवारी तथा सरपंच रोशन ध्रुव भी उपस्थित थे। सभी ने दिवंगत आत्मा की शांति और परिवार को इस दुख की घड़ी में शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की।

### छाती स्कूल में नवचेतना शिविर का शुभारंभ



**पुरी।** श्रीमती अंबालिका साहू के प्रयास से स्व. भूपालमणि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छाती में नवचेतना शिविर का शुभारंभ हुआ। आर्ट ऑफ़ लिविंग के प्रशिक्षक परशुराम निर्मलकर व उनकी टीम ने प्रथम दिवस प्राणतत्व या प्राण वायु पर प्रमुख रूप फोकस करते हुए छात्र-छात्राओं एवं शिक्षक शिक्षिकाओं को प्राणायाम एवं ध्यान के माध्यम से उनका ध्यान केंद्रित किया। प्राण वायु से ऊर्जा स्तर में वृद्धि होने से व्यक्ति ऊर्जावान, खुश एवं शांत महसूस करता है। इस आयोजन को संस्था प्रमुख एनके कुंभकार, शाला विकास समिति के अध्यक्ष राजेश चंद्राकर, शिव चंद्राकर, राजेंद्र चंद्राकर, बूटेश्वर चंद्राकर, मोनार्क चंद्राकर, शुभम चंद्राकर एवं अन्य लोगों ने इसे विद्यालय के लिए एक सार्थक प्रयास बताया।

### भीमराव अंबेडकर वार्ड में सतनाम भवन एवं रंगमंच का निर्माण



**नगरी।** नगर पंचायत नगरी के वार्ड क्रमांक 13 डॉ. भीमराव अंबेडकर वार्ड में जैतखाम के पास सतनाम भवन एवं रंगमंच का निर्माण होने जा रहा है। वार्ड की महिलाओं की मजबूत मांग और समाज की आवश्यकता को देखते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा ने दूरदर्शिता दिखाते हुए सामुदायिक भवन एवं रंगमंच दोनों के निर्माण की घोषणा कर दी। अध्यक्ष निधि से लगभग 5,00,000 की राशि निर्माण कार्य हेतु अनुशंसित की गई है। उनकी मांगों को त्वरित निर्णय लेने पर महिलाओं ने नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा सहित पार्षद असकरण पटेल, लोक निर्माण विभाग के सभापति अश्विनी निषाद, शंकर देव का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर श्री छाबड़ा ने कहा कि बाबा गुरु घासीदास के आदर्शों पर चलते हुए नगर पंचायत नगरी द्वारा समानता, सामाजिक न्याय और अतिपिछड़े वर्गों के उत्थान हेतु निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में वार्ड में सामुदायिक भवन एवं सांस्कृतिक मंच का निर्माण किया जाना एक महत्वपूर्ण कदम है।

### भूतपूर्व विद्यार्थियों तथा सेवानिवृत्त शिक्षकों का हुआ स्नेह मिलन



**धमतरी।** धमतरी जिला शिक्षक संगठन से जुड़े चारों विकासखंडों के वर्तमान एवं भूतपूर्व विद्यार्थियों तथा सेवानिवृत शिक्षकों का स्नेह मिलन कार्यक्रम नवीन चंद्राकर प्रधानपाठक माशा कुकरेल के सेवानिवृत्ति अवसर पर विद्यालय प्रांगण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में निवृत्तमान प्रांताध्यक्ष ओंकार सिंह ठाकुर, अवध राम वर्मा, डॉ. अशोक गुप्ता, आईडी बिसेन, देवेंद्र दादर, आनंद साहू, एमके बोरझा सहित बड़ी संख्या में स्नेहीजन उपस्थित हुए। सभी ने एक-दूसरे से कुशलक्षेम पूछकर पुरानी यादों को साझा किया। नवीन चंद्राकर लम्बे समय तक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष रहे। उनकी सत्यनिष्ठा, कर्तव्यपरायणता और सहृदयता सभी के लिए प्रेरणादायी रही है। उन्होंने पिछड़े एवं निर्धन कमार परिवारों के लिए शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया तथा दुगली में कमार आश्रम की नींव रखवाने में प्रमुख भूमिका निभाई। पर्यावरण संरक्षण के प्रति उनकी विशेष रुचि रही और उन्होंने अपने कार्यस्थलों को हरियाली से संवारकर विद्यार्थियों के लिए आकर्षण का केंद्र बनाया। शिक्षक घनश्याम सिंह साहू ने बताया कि स्नेह मिलन में लगभग तीन सौ शिक्षक एवं विद्यार्थी शामिल हुए, जो सभी के लिए अविस्मरणीय रहा। कार्यक्रम को सफल बनाने में चंदूलाल चंद्राकर, ओपी वर्मा, रोहित साहू, डीके देवांगन, राधेश्याम साहू, रूपसिंह साहू, राजेश तिवारी, सुंदरलाल साहू, एपी.वर्मा सहित संकुल के अधिकांश शिक्षकों का सहयोग रहा।

नगरी में प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के लिए विद्यार्थियों को मिली लाइब्रेरी की सौगात

# अब वनांचल से भी निकलेंगे आईएएस, आईपीएस अफसर

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

नगर पंचायत नगरी के होनहार छात्र राज्य की प्रतियोगी परीक्षाओं में शामिल होकर सफल भी होते रहे हैं किंतु कहीं न कहीं सुविधाओं के अभाव के चलते सफलता का प्रतिशत काफी कम था। इसे देखते हुए जिले के कलेक्टर ने शानदार पहल की है जिससे पूरे क्षेत्र के युवाओं में हर्ष है।

ज्ञात हो कि नगरी नगर पंचायत के वार्ड क्रमांक 7 स्थित सामुदायिक भवन के पास जिला कलेक्टर अबिनाश मिश्रा की पहल पर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों के लिए नए लाइब्रेरी भवन का शुभारंभ किया गया।

कांकेर सांसद भोजराज नाग ने अपने एक दिवसीय दौरे के दौरान लाइब्रेरी का फीता काटकर लोकार्पण किया। कलेक्टर श्री मिश्रा की इस पहल से नगरी में युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल होने के अवसरों में वृद्धि होगी और आदिवासी वनांचल क्षेत्र जो पूर्व में भी अनेक प्रशासनिक अधिकारी राज्य और केन्द्र को दे चुका है, उसमें काफी तेजी आएगी और इस क्षेत्र के युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में सहायता मिलेगी।



युवा कलेक्टर अबिनाश मिश्रा की दूरदर्शिता से नगरी क्षेत्र में अनेक विकास कार्यों के तेजी से होने की संभावनाएं बढ़ी हैं। पढ़ाई के साथ खेल को महत्व प्रदान करते हुए कलेक्टर द्वारा आगामी दिनों में यहां के खिलाड़ियों के लिए बॉक्स क्रिकेट मैदान की सौगात भी प्रदान की जाएगी, जिसे लेकर युवाओं में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। लाइब्रेरी का उद्घाटन होते ही छात्र-छात्राओं ने अपना रजिस्ट्रेशन भी प्रारंभ कर दिया है।

अब युवाओं को खेल और प्रतियोगी परीक्षाओं में आगे बढ़ने का अवसर तो प्राप्त होगा ही वहीं क्षेत्र के विकास में अनेक योजनाओं के संचालन से आदिवासी अंचल तेजी से विकास की दिशा में सरपट दौड़ने लगेगा। कार्यक्रम में पूर्व विधायक, नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा, उपाध्यक्ष विकास बोहरा, जनपद अध्यक्ष महेश गोटा, उपाध्यक्ष हृदय साहू, सिरसिदा सरपंच नरसिंग मरकाम, लोक निर्माण सभापति अश्विनी निषाद, देवचरण ध्रुव, अलका साव, राजा पवार, अंबिका ध्रुव, आसकरण पटेल, शंकर देव, नगर पंचायत के सीएमओ यशवंत वर्मा, इंजीनियर परमेश ध्रुव, दुर्गेश साहू, राजेंद्र साहू, पुष्कर पाटिल एवं नगर पंचायत के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## बिरसा मुंडा ने दमनकारी नीतियों खिलाफ आवाज उठाई : डॉ. मुर्मू



- शासकीय महाविद्यालय सिलौटी में जनजातीय गौरव दिवस मना

हरिभूमि न्यूज ⏭अंवरी

बाबू पंढरीराव कृदत्त शासकीय महाविद्यालय सिलौटी में बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर जनजातीय गौरव दिवस मनाया गया। मुख्य अतिथि एवं वक्ता डॉ. मीना मुर्मू सह प्राध्यापक नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी,रायपुर रहीं। डॉ. मुर्मू ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसे कई जनजातीय नायक हैं जिनके महान कार्यों की गाथा आंचलिक कथाओं एवं कविताओं में प्रचलित है तथा उनकी वीरगाथाएं अंचल में आज भी गाई जाती हैं, परंतु उन्हें इतिहास के पन्नों में अब तक स्थान नहीं मिल पाया है।

डॉ. मुर्मू ने बिरसा मुंडा के महान योगदान से छात्र-छात्राओं को अवगत कराते हुए कहा कि वह भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के प्रमुख क्रांतिकारी तथा आदिवासी नेता थे जिन्होंने न केवल अंग्रेजों के विरुद्ध विद्रोह किया तथा उनकी दमनकारी नीतियों और शोषण के खिलाफ आवाज उठाई।

इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में भी हिस्सा लिया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. भावना कमाने ने छात्र-छात्राओं को जनजातीय गौरवशाली इतिहास से अवगत कराया। कार्यक्रम की संयोजक डॉ. भारती मंडावी रहीं। कार्यक्रम का संचालन प्राध्यापक डॉ. शिवेन्द्र बहादुर ने किया।

## गंगरेल मंडल के रुद्री में एसआईआर प्रभारी ने ली समीक्षात्मक बैठक

- कार्यकर्ताओं ने संगठनात्मक दायित्वों को समय पर पूरा करने का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

भाजपा छत्तीसगढ़ प्रदेश एसआईआर प्रभारी लेह (लद्दाख) के पूर्व सांसद जामयांग त्सेरिंग नामग्याल एवं खनिज विकास निगम के अध्यक्ष, पूर्व विधायक अकलतरा सौरभ सिंह ने गंगरेल मंडल अंतर्गत रुद्री बूथ क्रमांक 216 एवं 217 में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य की की प्रगति का जायजा लिया।

उन्होंने रुद्री के बूथ क्रमांक 216 और 217 में मतदाता सूची पुनर्निरीक्षण की स्थिति की जानकारी ली और बीएलएम 2 तथा कार्यकर्ताओं से एसआईआर कार्य की गति पर जानकारी मांगी।



मंडल अध्यक्ष श्रीमती मोनिका देवांगन ने आश्वस्त किया कि जिस प्रकार गंगरेल मंडल के कार्यकर्ताओं ने लगातार पार्टी हित में कार्य करते हुए भाजपा के पक्ष में मतदान प्रतिशत में लगातार बढ़ोत्तरी की है, ऐसे ही मतदाता सूची पुनरीक्षण सहित सभी संगठनात्मक दायित्वों को समय पर पूरा करेंगे।

मौके पर भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती रंजना साहू, भाजपा जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस, महापौर रामू रोहरा, जिला उपाध्यक्ष श्रीमती श्यामा साहू, गंगरेल मंडल प्रभारी चेतन हिंदुजा, जिला महामंत्री महेंद्र पंडित राकेश साहू, कार्यालय प्रभारी बीएलए विजय साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष ऋषभ देवांगन, उमेश साहू, दिग्विजय सिंह कृदत्त, मंडल उपाध्यक्ष मुकेश यादव, महामंत्री हेमंत साहू, चंद्रहास जैन, जनपद सदस्य श्रीमती अनीता यादव, बीएलए 2 रमेश साहू, श्याम लाल यादव समेत अन्य मौजूद थे।

## अंतरविद्यालयीन निबंध प्रतियोगिता में 600 बच्चों ने लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

छत्तीसगढ़ राज्य अल्पसंख्यक आयोग के आदेश पर श्री गुरु तेगबहादुर की 350वीं शहीदी शताब्दी को समर्पित हिन्द की चादर गुरु तेग बहादुर साहिब अंतरविद्यालयीन निबंध प्रतियोगिता का आयोजन जिले में किया गया। आयोग के अध्यक्ष के निर्देशानुसार जिला शिक्षा अधिकारी धमतरी एवं सिख कमेटी के सहयोग से यह प्रतियोगिता 20 नवंबर को दोपहर 2 बजे विभिन्न परीक्षा केंद्रों में सम्पन्न हुई, जिसमें कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

जिले के अनेक विद्यालयों के बच्चों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। आयोजन को सुव्यवस्थित रूप से संचालित करने में प्राचार्यगण एवं शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं



श्री गुरु तेगबहादुर की 350वीं शहीदी शताब्दी पर हुआ आयोजन

तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को क्रमशः 5100, 3100 और 2100 रुपये तथा प्रमाण- पत्र प्रदान किए जाएंगे। सभी प्रतिभागियों को भी सहभागिता प्रमाण पत्र दिया जाएगा। चयनित प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त छात्र-छात्राओं को राज्य स्तरीय श्री गुरु तेग बहादुर जी संबंधित जीके प्रतियोगिता में शामिल किया जाएगा, जहां उन्हें 51000, 31000 और 21000 रुपये के पुरस्कार दिए जाएंगे।

कार्यक्रम के संचालन में श्रीमती ममता खालसा, गुरप्रीत सिंह गले, मंदीप सिंह, जसपाल सिंह छाबड़ा सहित श्री गुरु सिंह सभा के सदस्यों ने जिम्मेदारी निभायी।

प्रतियोगिता में 300 से 600 बच्चों ने भाग लिया। बच्चों के लिए नाश्ता एवं ठंडा राज भामरा, शैली भामरा, डिंपी बग्गा, लवली भामरा, जसपाल सिंह छाबड़ा, हरजीत सिंह खालसा, ममता खालसा और सिमरन हिंदुजा द्वारा वितरित किया गया। मौके पर श्री सोनवावी, श्री बेदी, हरीश सिन्हा, संतोष प्रजापति, जीवाराम नेताम, लक्ष्मण यादव, आरके शर्मा, जनक राम साहू एवं हरिराम उपस्थित थे।

## आज निर्वाचन आयोग की निष्पक्षता सार्वजनिक बहस का मुद्दा बन गई है: नीशु

- एसआईआर की निगरानी के लिए भखारा ब्लॉक प्रभारी ने कोर्रा मंडल में ली बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

छत्तीसगढ़ में शुरू हुए एसआईआर (स्पेशल इंटेंसिव रिविजन) अभियान को लेकर कांग्रेस ने अपनी रणनीति तेज कर दी है। इस संदर्भ में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी भखारा प्रभारी व पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष नीशु चन्द्राकर ने कोर्रा मंडल कार्यकारिणी की बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में मुख्य रूप से ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राजू साहू, मंडल प्रभारी गोविंद साहू, सहप्रभारी अशोक साहू, मंडल अध्यक्ष राजा बंजारे, सेक्टर अध्यक्ष सूर्यकांत साहू, विवेक साहू थे। श्री चन्द्राकर ने बीएलए



और कार्यकर्ताओं को फॉर्म कैसे भरा जाना है, इस संबंध में जानकारी दी। आगे कहा कि आज निर्वाचन आयोग की पवित्रता और निष्पक्षता सार्वजनिक बहस का मुद्दा बन गई है।

आरोप है कि सत्ताधारी पार्टी ने संस्थानों के कामकाज पर कब्ज़ा कर लिया है। डर है कि एसआईआर का दुरूपयोग गलत इरादों से वोट में धांधली और मतदाता सूची से नाम हटाने के लिए किया जा सकता है। विपक्ष के नेता राहुल गांधी इस मुद्दे को ज़ोरदार तरीके से उठा रहे हैं। नतीजतन यह अब एक राजनीतिक लड़ाई बन गई है। ब्लॉक अध्यक्ष राजू साहू ने मंडल, सेक्टर एवं ग्रामीण कार्यकर्ताओं को एकजुटता के साथ एसआईआर प्रक्रिया की सतत निगरानी करने कहा।

पूर्व जिला पंचायत सभापति गोविन्द साहू ने कहा कि एसआईआर की प्रक्रिया और कई बार हो चुकी है। चुनाव आयोग जैसी संवैधानिक संस्था निष्पक्ष थी। आज भाजपा की सरकार इन संवैधानिक संस्थाओं की जड़े कमजोर कर चुकी है। कार्यक्रम का संचालन मंडल अध्यक्ष विवेक साहू एवं आभार सेक्टर अध्यक्ष सूर्यकांत साहू ने किया। बैठक में सतीश चंद्राकर, योगेश मार्कण्डेय जनपद सदस्य देमार, सोहन साहू, चुम्मन साहू, निहाल सिंह साहू, परमेश्वर साहू, सेवाराम साहू, यशवंत साहू, वीरेन्द्र कुमार, गोपालराम साहू समेत बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## पालक और शिक्षकों के समन्वय से होगा छात्रों का विकास



**धमतरी।** शासकीय हाईस्कूल बाजार कुर्रीडीह में मेगा पालक शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। अतिथि सरपंच मनीषा मरकाम, पूर्व सरपंच चन्द्रबली कुंजाम, हाईस्कूल बाजार कुर्रीडीह के शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष नरेश मरकाम, कन्हैया सलाम, संतराम मरकाम, पंचगण पार्वती, तुलसी, रीना, संतोषी, सत्या थे। व्याख्याता डॉ आशीष नायक ने पालक- शिक्षक बैठक को आयोजित करने के उद्देश्य से पालकों को परिचित कराया। उन्होंने पालकों को बच्चों का मानसिक स्वास्थ्य, परीक्षा तनाव प्रबंधन, बोर्ड परीक्षा की तैयारी, बच्चे का स्तर एवं कक्षागत आकलन एवं अन्य महत्वपूर्ण विषय से अवगत कराया। माध्यमिक शाला के प्रधानपाठक जीवनलाल साहू ने नशा मुक्ति के बारे में पालकों को अवगत कराया। एसएमडीसी अध्यक्ष नरेश मरकाम ने पालकों से कहा कि अपने बच्चों एवं उनकी पढ़ाई पर निरंतर ध्यान दें। संस्था प्रमुख अभयराम ध्रुव, समन्वयक द्रोण सिन्हा ने मेगा बैठक के महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की। कार्यक्रम का संचालन डॉ. आशीष नायक एवं आभार प्रदर्शन रूपेश सिन्हा ने किया। कार्यक्रम में सखाराम, दिलीप सिन्हा केशव सिन्हा, ईश्वरी बाई, सविता बाई, सरस्वती, नीलम, सुनीता, राजेन्द्र साहू, माखनलाल, रमेश कोर्राम, चंद्रहास एवं शिक्षकगण चुम्मन साहू, कमलेश कुमार निषाद, एसके नेताम, खेमीन नागवंशी, निकिता तम्बोली, सुनीता सिन्हा, प्रदीप चंदेल, भागीरथी समेत छात्र- छात्राएं उपस्थित थे।

## कांग्रेस ने एसआईआर अभियान को व्यवस्थित करने दिया एसडीएम को ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

ब्लाक कांग्रेस कमेटी कुरुद ने अनुविभागीय अधिकारी नभसिंह कोसले को ज्ञापन सौंपकर मांग करते हुए कहा कि एसआईआर के लिए प्रशासन द्वारा नियुक्त बीएलओ पंद्रह दिन अवधि पूर्ण हो जाने के बाद कुछ स्थानों में पहले दौर का फार्म भी नहीं छोड़ पाये हैं। बहुत से स्थान से जानकारी मिल रही है कि बीएलओ ज़रुरी दस्तावेज की जानकारी भी अवगत नहीं करा पाये हैं।

निर्वाचन आयोग द्वारा 4 दिसंबर तक समय दिया गया है। अवधि बहुत कम है। वर्तमान में किसान व्यस्त हैं। कांग्रेस कमेटी ने एसआईआर को



सुचारू व व्यवस्थित करने समय अवधि बढ़ाने की मांग निर्वाचन आयोग से की है। अगर समय अवधि नहीं बढ़ती तो बहुत कम समय बचा है। सभी बूथों में सुचारू, सुव्यस्थित व समय अवधि में एसआईआर के कार्य को संपादित कराने की मांग की है। इस दौरान अनुविभागीय अधिकारी श्री कोसले से ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष आशीष शर्मा, कुरुद, भखारा व मगरलोड अधिवक्ता संघ द्वारा की गई मांग को जायज ठहराते हुए यथाशीघ्र पूर्ण करने की बात कही। ज्ञापन सौंपने पूर्व राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त सुश्री राजकुमारी दीवान, जिला पंचायत सदस्य नीलम चन्द्राकार, रवि शर्मा, रमेश्रर साहू, नपा उपाध्यक्ष देवव्रत साहू, पार्षद रजत चन्द्राकर, मनीष साहू, उत्तम साहू, लव चन्द्राकर, मिलन साहू, अशोक साहू, शत्रुघन साहू, संतोष प्रजापति उपस्थित थे।

## शिक्षक को शिक्षक ही बने रहने दे सरकार

### आवारा कुत्तों की निगरानी करने संबंधी आदेश का फेडरेशन ने किया विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

छत्तीसगढ़ में स्कूलों को भेजे गए नए निर्देश एक बार फिर यह सवाल खड़ा करते हैं कि हमारे गुरुजी आखिर करें तो क्या करें? कक्षा में बच्चों को पढ़ाएं, घर-घर जाकर एसआईआर का सर्वे करें या अब आवारा कुत्तों को भगाने का काम करे जो कि यह जिम्मेदारी भी उन्हीं पर डाल दी गई है।

छत्तीसगढ़ शिक्षक फेडरेशन के जिलाध्यक्ष दयालुराम साहू ने बताया कि छग सरकार द्वारा पत्र जारी कर दिया गया है कि स्कूल प्राचार्य या संस्था प्रमुख नोडल अधिकारी बनें और परिसर के आसपास घूम रहे आवारा कुत्तों की जानकारी पंचायत और निगम को दें। उन्होंने इस आदेश का विरोध करते हुए कहा कि मतलब अब



शिक्षा नहीं, पशु-नियंत्रण भी स्कूल स्टाफ के जिम्मे। हालात ऐसे हैं कि शिक्षक कभी वोटर लिस्ट का काम कर रहे होते हैं, कभी जनगणना भर रहे होते हैं और अब कुत्ता मॉनिटरिंग भी उन्हीं के हिस्से में आ गई है।

उन्होंने कहा कि सरकार को समझना चाहिए कि स्कूल में पढ़ाई तभी बेहतर होगी जब शिक्षक को शिक्षक बनने दिया जाए। गुरुओं से हर सरकारी विभाग का बोझ उठवाने की परंपरा बंद होनी चाहिए। सवाल सरल है शिक्षक बच्चों का भविष्य संभालें या व्यवस्था की कमियों को ? शिक्षा विभाग को बताना चाहिए कि आखिर गुरुजी कुत्ता भगाएं, एसआईआर का सर्वे करें या बच्चों को पढ़ाएं ? छग प्रदेश शिक्षक फेडरेशन ने शासन से मांग की है कि छात्र हित में गैर शिक्षकीय कार्य से मुक्त रखते हुए केवल शैक्षिक कार्य कराया जाए जिससे शिक्षा में गुणवत्ता आ सके।

## खबर संक्षेप

### दिव्यांग कर्मचारियों की हुई बैठक

**धमतरी।** छग दिव्यांग अधिकारी कर्मचारी कल्याण संघ जिला धमतरी की बैठक छग महतारी काली मंदिर कुरुद में रखी गई, जिसमें शीतकालीन अवकाश में विवाह योग्य युवक-युवतियों का परिचय सम्मेलन कुरुद में रखने, वार्षिक कैलेंडर बनवाने हेतु सहयोग तथा शिक्षा विभाग में भी दिव्यांग कर्मचारियों की पदोन्नति में आरक्षण हेतु डीपीआई से निरंतर संपर्क रखने के लिए प्रांतीय पदाधिकारियों से निवेदन किया गया। बैठक में घनश्याम सिंह साहू, आरके देवांगन, सीएल धीवर, बीआर निषाद, एसके साहू उपस्थित थे।

### नवनियुक्त जिला युकां अध्यक्ष का स्वागत

**कांकेर।** जिला युवा कांग्रेस कांकेर के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष राजेंद्र दुबे का कांग्रेस के कार्यकर्ताओं द्वारा 22 नवंबर को राजीव भवन कांकेर में जोशीला स्वागत किया। नियुक्त विधानसभा कांकेर के प्रभारी पुरुषोत्तम पाटील ने सभी युवा कांग्रेस के साथियों को विस्तृत जानकारी दी तथा सभी ब्लॉकों में युवा कांग्रेस को प्रभारी बनने के लिए कहा गया, जिसमें नवनियुक्त जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष राजेंद्र दुबे द्वारा सभी ब्लॉकों में प्रभारी नियुक्त की चर्चा की गई।

### युवक ने खाया जहर इलाज से पहले मौत

**कांकेर।** बड़गांव थानांतर्गत एनहुर निवासी 40 वर्षीय चरण सिंह यादव ने जहर खा लिया। अस्पताल में इलाज के लिए ले जाने से पहले ही उसका मौत हो गया। बड़गांव निवासी 37 वर्षीय देवकी बाई यादव ने पुलिस को बताया कि मृतक ने जहर खा लिया था। इलाज के लिए दुर्गुकोंदल के अस्पताल में ले गए। इलाज से पहले ही 21 नवंबर की रात साढ़े 12 बजें मौत हो गया। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### बुजुर्ग ने फांसी लगाकर दी जान, कारण अज्ञात

**कांकेर।** चारामा थानांतर्गत चारामा निवासी 66 वर्षीय रामगुलाल यादव ने 21 नवंबर को फांसी लगा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। चारामा निवासी 28 वर्षीय नरेंद्र यादव ने पुलिस को बताया कि मृतक ने अज्ञात कारणो के चलते फांसी लगा लिया। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

आम जनता के लिए सरकार ने किया फॉर्म बेहद आसान

# अब एसआईआर फॉर्म नहीं बनेगा सिरदर्द !

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

सरकारी प्रक्रियाओं को आम जनता के लिए सरल और पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से सरकार ने एसआईआर (सूचना संग्रह फॉर्म) को पूरी तरह से आसान कर दिया है। पहले जहां फॉर्म भरने में जटिल बिंदु, दस्तावेजों की उलझन और तकनीकी भाषा के कारण नागरिकों को भारी दिक्कतें आती थीं, वहीं अब नया संशोधित फॉर्म हर व्यक्ति के लिए सरल, स्पष्ट और यूज़र फ्रेंडली बनाया गया है।

स्थानीय बीएलओ और विशेषज्ञों का कहना है कि एसआईआर फॉर्म में अब केवल व्यक्तिगत जानकारी, संपर्क विवरण और आवश्यक पहचान दस्तावेजों से जुड़े बिंदु ही अनिवार्य हैं, जबकि बाकी कई बिंदु वैकल्पिक कर दिए गए हैं। इससे आम नागरिक बिना किसी विशेषज्ञ की मदद के आसानी से फॉर्म भर सकते हैं।



मतदाता सूची SIR रिपोर्ट

मैं, ________________ (नाम), निवासी ________________ (पता) एवं मोबाइल नंबर ________________, ने आज दिनांक ________________ को समय ________________ पर अपने बूथ/वार्ड नंबर ________________ में मतदाता सूची का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मैंने मोहल्ले/गली ________________ के कुल _____ घरों में जाकर जानकारी ली। सत्यापन में पाया गया कि इन घरों में कुल _____ मतदाता रहते हैं, जिनमें से _____ लोगों के नाम मतदाता सूची में दर्ज मिले और _____ लोगों के नाम सूची में नहीं मिले। निरीक्षण के दौरान यह भी पता चला कि 18 वर्ष या उससे अधिक उम्र के कुल _____ नए पात्र व्यक्ति मिले, जिनमें से _____ ने फॉर्म–6 भर दिया है तथा _____ को फॉर्म–6 भरने की आवश्यकता है।

कुछ प्रविष्टियों में नाम, पता, उम्र या फोटो संबंधी त्रुटियाँ मिलीं, जिनकी संख्या _____ है और इनके लिए फॉर्म–8 भरना आवश्यक है। इसके अलावा _____ ऐसे नाम मिले जो या तो यहाँ से स्थानांतरित हो चुके हैं या मृत हो चुके हैं, जिनके लिए फॉर्म–7 भरना चाहिए। निरीक्षण के दौरान नागरिकों ने कुल _____ शिकायतें दर्ज कराईं, जिनमें ज्यादातर शिकायतें नाम जुड़ने, कटने या सुधार न होने से संबंधित थीं।

संपूर्ण निरीक्षण के आधार पर कुल _____ मतदाता सत्यापित हुए, जिनमें से _____ नए मामले, _____ सुधार वाले मामले और _____ हटाने योग्य मामले पाए गए। यह रिपोर्ट मैं पूरी ईमानदारी से प्रस्तुत कर रहा/रही हूँ।

अंत में, मेरा नाम ____________, हस्ताक्षर __________, दिनांक ________________।

धमतरी के नागरिक देवेंद्र सोनवीर, कीर्ति दादरा, नीलम कुंवर, अनामिका चौहान और अधिवक्ता एसआर कलिहारी ने बताया कि पहले जहां फॉर्म भरने में घंटों लग जाते थे, वहीं अब स्पष्ट निर्देश और सरल भाषा के कारण यह प्रक्रिया बेहद आसान हो गई है।

सरकार ने बताया कि फॉर्म के डिज़ाइन में अनावश्यक जटिलताओं को हटाकर उसे आम जनता के लिए अधिक सुगम और समझने योग्य बनाया गया है। प्रत्येक अनुभाग में स्पष्ट मार्गदर्शन दिया गया है ताकि व्यक्ति यह समझ सके कि कौन-सा बिंदु अनिवार्य है और कौन-सा वैकल्पिक। डिजिटल एसआईआर फॉर्म में ऑटो-फिल, सरल नेविगेशन और स्पष्ट निर्देश जोड़ने से ऑनलाइन फॉर्म भरना पहले की तुलना में बेहद आसान हो गया है।

बीएलओ का कहना है कि यह बदलाव न केवल नागरिकों का समय बचाएगा बल्कि सरकारी प्रक्रियाओं में जनता की भागीदारी और विश्वास भी बढ़ाएगा। फॉर्म में दिए गए वैकल्पिक बिंदुओं को छोड़ देने से आवेदन की वैधता पर कोई असर नहीं पड़ता। प्रशासन का मानना है कि इस कदम से सरकारी सेवाओं तक आम जनता की पहुंच और भी तेज और पारदर्शी होगी।

सरकारी अधिकारियों का दावा है कि नये स्वरूप में एसआईआर फॉर्म अब सचमुच साधारण नागरिकों के लिए बनाया गया फॉर्म बन गया है न जटिल भाषा, न भारी-भरकम दस्तावेज, सिर्फ जरूरी जानकारी और आसान प्रक्रिया। नागरिकों और विशेषज्ञों दोनों ने इस पहल को सरकार का सरल प्रशासन जनहित प्रशासन की दिशा में बड़ा कदम बताया है।

## अब तक जिले में आठ नक्सली कर चुके हैं आत्मसमर्पण

- एसपी ने नक्सलियों को समाज की मुख्यधारा में लौटने की अपील की

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

बीते दिनों बस्तर में एक करोड़ के इनामी नक्सली हिडमा के मारे जाने से जिले के जंगल में रहने वाले नक्सलियों में हड़कंप मच गया है। पुलिस ने आत्मसमर्पित महिला नक्सली के माध्यम से उन्हें समाज की मुख्यधारा में लौटने की अपील की है।

बस्तर के जंगल में सुरक्षाबलों द्वारा लगातार सर्च आपरेशन चलाकर नक्सलियों का सफाया किया जा रहा है। सुरक्षाब लों द्वारा बीते दिनों मुठभेड़ में बड़े नक्सली लीडर व एक करोड़ का इनामी नक्सली माडवी हिडमा व उसकी पत्नी सहित कुछ नक्सलियों को मार गिराया। इसी के साथ छग में मौजूद नक्सली कमजोर पड़ने लगे हैं। धमतरी जिले के नगरी सिहावा क्षेत्र के जंगल में भी लंबे समय से नक्सलियों की मौजूदगी व आवाजाही रही है। नक्सली जिले के सरहदी क्षेत्र के जंगल को बस्तर से उड़ीसा जाने के लिए कॉरिडोर के रूप में उपयोग करते आ रहे हैं। यहां के जंगल में मौजूद रहकर कई नक्सली घटनाओं को अंजाम भी दे चुके हैं। इन घटनाओं में पुलिस अधिकारी व जवान, सुरक्षाबल अधिकारी व ग्रामीण भी मारे गए हैं। सुरक्षाबलों व नक्सलियों के बीच अनेकों बार मुठभेड़ भी हुई है। अब तक 10 नक्सली मारे गए हैं। शासन की आत्मसमर्पण की नीतियों से प्रेरित होकर अब तक आठ नक्सली आत्मसमर्पण कर चुके है।

एसपी सूरजसिंह परिहार ने मीडिया को बताया कि धमतरी के जंगल में नक्सलियों की संख्या सात होने की खबर है। पुलिस द्वारा समय-समय पर सर्च आपरेशन भी चलाया जाता है। नक्सली अब कमजोर पड़ने लगे हैं। पुनर्वास नीति के तहत नक्सलियों को समाज की मुख्यधारा में वापस आ जाना चाहिए।

## आवारा कुत्तों की निगरानी करेंगे शिक्षक







- तुगलकी आदेश के खिलाफ शिक्षकों में गहरा आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

लोक शिक्षण संचालनालय रायपुर द्वारा जारी उस आदेश ने प्रदेशभर के शिक्षकों में गहरा आक्रोश पैदा कर दिया है, जिसमें शिक्षकों को स्कूलों में आवारा कुत्तों की निगरानी करने और संबंधित पंचायत, जनपद व निगम के डॉग कैचर को सूचना देने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। आदेश में प्रत्येक स्कूल में प्राचार्य या संस्था प्रमुख को नोडल अधिकारी नियुक्त कर कुत्ते प्रबंधन से जुड़े कार्यों के पालन के निर्देश दिए गए हैं। शिक्षकों का कहना है कि यह आदेश न केवल अव्यावहारिक है बल्कि शिक्षकीय गरिमा को ठेस पहुंचाने वाला है।

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन धमतरी के जिलाध्यक्ष डॉ. भूषणलाल चंद्राकर, प्रदेश उपाध्यक्ष देवनाथ साहू, प्रांतीय कोषाध्यक्ष शैलेंद्र पारिक, प्रांतीय महिला प्रतिनिधि सविता छाटा, जिला महिला प्रमुख बी. यदु, ब्लॉक अध्यक्ष गेवाराम नेताम सहित पदाधिकारियों ने इसे तुगलकी फरमान बताते हुए तीखी आपत्ति दर्ज की है। संघ का कहना है कि स्कूलों में पहले से ही शिक्षकों की कमी है। एक-एक शिक्षक पांच-पांच कक्षाएं संभाल रहे हैं, ऊपर से निर्वाचन कार्य, मतदाता सूची पुनरीक्षण, एसआईआर रिपोर्ट और भारी भरकम ऑनलाइन कार्य पहले ही तनाव बढ़ा रहे हैं। अब कुत्तों की निगरानी का काम थोप दिया गया है, जो शिक्षा गुणवत्ता पर प्रतिकूल प्रभाव डालेगा।

सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन के जिला अध्यक्ष दौलत राम ध्रुव ने आदेश का पुरजोर विरोध करते हुए कहा कि यह आदेश शिक्षक की गरिमा के विरुद्ध है और शिक्षा व्यवस्था के साथ मज़ाक है। शिक्षक पढ़ाने के लिए हैं न कि हर विभाग के गैर-शिक्षकीय काम करने के लिए। दिसंबर में अर्धवार्षिक परीक्षा है, अब शिक्षक तैयारी कराएं या कुत्तों की निगरानी करें। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने आवारा कुत्तों के प्रबंधन का निर्देश दिया है, लेकिन कहीं भी शिक्षकों को इससे जोड़ने की बात नहीं की गई है।

यह कार्य स्थानीय प्रशासन का है न कि शिक्षकों का। उधर संयुक्त शिक्षक संघ के धमतरी जिलाध्यक्ष अमित महोबे ने भी शिक्षा के अधिकार अधिनियम 2009 का हवाला देते हुए कहा कि शिक्षकों को गैर शिक्षकीय कार्यों से मुक्त रखा जाना चाहिए। लगातार बढ़ते अतिरिक्त कार्यभार से शिक्षकों का मनोबल कमजोर हो रहा है और इसका सीधा असर शिक्षा की गुणवत्ता पर पड़ेगा। शिक्षक संघों ने मांग की है कि सरकार इस अव्यावहारिक आदेश को तुरंत वापस ले तथा पहले स्कूलों में सुरक्षा प्रबंधन, बाउंड्रीवॉल और पर्याप्त स्टाफ की व्यवस्था सुनिश्चित करे।

## ट्रैक्टर से उछलकर गिरा नाबालिग, ट्राली में दबने से मौत





### पचपेड़ी में पसरा मातम, नाबालिग की मौत पर उठ रहे कई सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭अंवरी

भखारा थाना क्षेत्र में 16 वर्षीय एक नाबालिग की ट्रैक्टर ट्राली में दबकर मौत हुई। घटना तब घटित हुई जब युवक हार्वेस्टर में धान कटाई किये हुए अनाज को ले जाने के लिए टैक्टर में सवार होकर राइस मिल के करीब गाड़ाहीह खार की ओर जा रहा था। नाबालिग की मौत से पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार शाम तकरीबन 4 बजे ग्राम पचपेड़ी निवासी ऐश्वर्य कुमार पिता कुशल साहू उम्र 16 वर्ष अपने घर के हार्वेस्टर मशीन के पीछे धान ढुलाई कार्य मे लगी ट्रैक्टर-ट्राली में सवार होकर आना-जाना कर रहा था। इसी दिन उनका हार्वेस्टर गाड़ाहीह-रामपुर मार्ग के पास स्थित राइस मिल के समीप गाड़ाहीह खार में धान कटाई का कार्य कर रहा था जिसमें कटे हुए धान को किसान के घर तक खाली करने एक ट्रैक्टर ट्राली भी लगी थी। उसमें सवार होकर वह भी आना-जाना कर रहा था। इसी दौरान मेड़ पार करते ट्रैक्टर में लगी ट्राली पलट गई और ट्रैक्टर में सवार नाबालिग ऐश्वर्य उसकी चपेट में आकर घायल हो गया। घटना के समय आसपास अन्य खेतों में काम कर रहे मजदूर ट्राली पलटते देख दौड़े और घटनास्थल पहुंचकर ट्राली में दबे नाबालिग को खींचकर बाहर निकाला। परिजनों को सूचना दी। उसे इलाज के लिए तत्काल मसीही अस्पताल धमतरी लाया गया। डॉक्टरों ने जांच के बाद ऐश्वर्य को मृत घोषित कर दिया। पोस्टमार्टम हेतु जिला चिकित्सालय में रिफर किया गया। अस्पताल चौकी में मामला पंजीबद्ध कर शव का पोस्टमार्टम कराकर जांच पंजी भखारा थाना भेजी गई।

इस घटनाक्रम में मृतक के पिता कुशल साहू का बयान दर्ज कर पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया है। घटना कैसे घटित हुई इस बारे मे अभी तक कोई भी खुलकर नहीं बोल रहे हैं। मृतक के पिता सिर्फ इतना बता रहे हैं कि उसका पुत्र हार्वेस्टर के लिए डीजल लाने रानीतराई गया हुआ था। उन्हें गाड़ाहीह स्थित राइस मिल के पास खेत में ट्राली में दब जाने से मौत होने की जानकारी मिली। घटनास्थल से बेटे को उठाकर इलाज हेतु अस्पताल पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। लोगों के जहन में कई तरह के सवाल उठ रहे हैं।कुछ लोगों का यह भी कहना है कि नाबालिग स्वयं ट्रैक्टर चला रहा था और ट्राली पलटने लगी तो डरकर वह ट्रैक्टर से कूद गया और खुद इस हादसे में अपनी जान गंवा बैठा। वहीं कुछ लोगों का कहना है कि यदि नाबालिग सिर्फ ट्रैक्टर में सवार था तो चालक कौन था और घटना के समय वह कहां गायब हो गया। यदि कोई चालक नहीं था तो ट्रैक्टर मालिक ने कैसे एक नाबालिग को ट्रैक्टर चलाने के लिए दे दिया। बहरहाल नाबालिग की मौत पर सस्पेंस बना हुआ है। पुलिस आगे की जांच कार्रवाई में जुट गई है।

### इंजन में दबने से ट्रैक्टर चालक की मौत



एक अन्य घटना में शनिवार की दोपहर प्रदीप ध्रुव ग्राम राजपुर अपने कछार खेत से धान की मिंजाई कर ट्रेक्टर में भरकर घर ला रहा था। इसी दौरान दर्रीनाला व फुलवारी के बीच ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर खेत में पलट गई। इंजन के चारों पहिये ऊपर हो गए। चालक इंजन के नीचे दब गया। इस घटना में चालक की मौके पर मौत हो गई। सूचना पर मगरलोड पुलिस घटनास्थल पहुंच पंचनामा की कार्रवाई में जुट गई।

## रिलायंस इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत


माधवी


युवराज


भूपेंद्र


मोनिका


यामिनी


अनामिका


माया


तनुजा


विनीता

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

रिलायंस इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग धमतरी बीएससी नर्सिंग पाठ्यक्रम पंचम सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। बीएससी नर्सिंग की छात्राओं ने प्रथम श्रेणी में स्थान प्राप्त किया। माधवी ने 74.85 प्रतिशत, युवराज. 74 प्रतिशत, भूपेंद्र. 72.57 प्रतिशत, मोनिका 72.28 प्रतिशत, यामिनी 72.28 प्रतिशत, अनामिका 72 प्रतिशत, माया 72 प्रतिशत, तनुजा 72 प्रतिशत, विनीता ने 72 प्रतिशत के साथ परीक्षा उत्तीर्ण की। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर प्राचार्य संजय कुमार लाल एवं शैक्षणिक स्टॉफ ने हर्ष जताया है।

### हाईस्कूल देवपुर के छात्रों को स्वेटर वितरित

**धमतरी।** शासकीय हाईस्कूल देवपुर में आयोजित बाल दिवस कार्यक्रम में सामाजिक सहभागिता के तहत स्कूल में अध्ययनरत सभी 150 छात्र-छात्राओं को बालाजी मार्बल परिवार की तरफ से स्वेटर का वितरण किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती जशोदा देवी चौधरी राजस्थान थीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कानाराम चौधरी ने की। विशिष्ट अतिथि शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष जय प्रकाश साहू, श्रीमती सुमन देवी चौधरी राजस्थान, दयाल चौधरी, सुरज्ञान देवी चौधरी, राजस्थान, अनिरुद्ध सारथी, आत्माराम साहू थे। सामाजिक सहभागिता की मिसाल पेश करते हुए ठंड के इस मौसम में छात्रों को स्वेटर बांटा। इस कार्यक्रम में ओंकार साहू, मोनिका देवांगन, केशव साहू, हरनारायण साहू, देवलाल साहू ने अपने विचार रखे।




## पीटीएम में छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य, परीक्षा पर की चर्चा

**धमतरी।** मां दंतेश्वरी हाईस्कूल रत्नाबांधा में पालक एवं शिक्षक सम्मेलन का आयोजन किया गया। कक्षा 3री से 10वीं तक के अभिभावक शामिल हुए। शिक्षिका पूर्वी सोनकर ने बताया कि हमें बच्चों के खानपान, रहन-सहन का ध्यान कैसे रखे। बच्चों का मानसिक स्वास्थ्य उनके भावनात्मक सामाजिक और व्यावहारिक कल्याण से संबंधित है। इसे बेहतर बनाने के लिए माता-पिता को अपने बच्चों के साथ समय बिताना चाहिए। बोर्ड परीक्षा की तैयारी एवं परीक्षा तनाव प्रबंधन पर शिक्षिका श्रीमती वर्षा देवांगन ने प्रकाश डाला। प्रभारी प्राचार्य श्रीमती लीला साहू ने बच्चों का स्तर एवं कक्षागत आकलन विषय पर पालकों से



विश्लेषण किया। पिछले वर्षों के मुकाबले बच्चों में आए सुधार, प्रोग्रेस एवं बच्चों को घर में पढ़ाई के लिए समय प्रबंधन, नियमित स्कूल आने हेतु बच्चों को कैसे मोटिवेट करें, इन सब के बारे में पालकों को बताया गया।

मौके पर शिक्षक मोहन साहू, वीणा साहू, रूपा यादव, ज्योति रामटेके, प्रियंका यादव, दुर्गा देवांगन, सोनाली रजक, छाया तिवारी, काजल यादव, फाल्गुनी ढीमर, प्रवेश चांडक, भूखीन ध्रुव सहित अनेक पालक उपस्थित थे।

## कलयुग के प्रधान देवता हैं महाप्रभु जगन्नाथ : युवराज पांडेय

- सुदामा चरित्र, तुलसी वर्षा, हवन पूजन व महाप्रसादी आज

हरिभूमि न्यूज ⏭सिर्री



ग्राम अछोटी में जेठूमल परिवार व ग्रामवासियों के सहयोग से आयोजित संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा का समापन आज होगा। अंतिम दिवस सुबह 10 बजे से ही कथा प्रारंभ होगी। सुदामा चरित्र, तुलसी वर्षा के साथ ही हवन पूजन होगा। 2 बजे जेठूमल परिवार द्वारा महाप्रसादी वितरण किया जायेगा। कथा के छठवें दिन कथावाचक आचार्य युवराज पांडेय ने कृष्ण की लीलाओं का बखान किया। उन्होंने कथा में बताया कि जब कृष्ण भगवान बाल स्वरूप में अपने आंगन में खेल रहे थे। उस समय एक फल बेचने वाली महिला उनके घर के पास से गुजर रही थी तो भगवान कृष्ण ने उनको आवाज देकर रोक लिया और फल मांगने लगे। उस महिला ने फल के बदले भगवान से कुछ द्रव्य (राशि) मांगा। भगवान कृष्ण उन्हें अपने घर की कोठी से धान निकालकर ला रहे थे लेकिन उनके नन्हे हाथों में धान नहीं ठहरता था। वह रास्ते में गिर जाता था। भगवान ने द्रव्य देने कई बार प्रयास किए लेकिन विफल रहे। बालकृष्ण की इस चंचलता को देख वह महिला भगवान के प्रति प्रसन्न होकर मंत्रमुग्ध हो गई और कहा कि तुम यह फल ले जाओ और उस महिला ने भगवान की कलाई में चिपका हुआ एक दाना धान रख लिया और कहा कि यह मेरे फल का मोल हो गया। पश्चात बालकृष्ण उस महिला की गोद में बैठकर उन्हें मईया कहने लगा। तब उस महिला ने कहा कि लोग मुझे अछूत कहते हैं। मेरी परछाई पड़ने मात्र से ही लोग स्नान कर लेते हैं। अगर कोई देख लेगा तो मुझे इसकी सजा मिल जायेगी। लेकिन भगवान कृष्ण मुस्कुराकर बोले कि मेरे लिए सभी व्यक्ति समान है। कथावाचक ने कहा कि भगवान कभी किसी को अछूत नहीं माने। उन्होंने रामायण में केंवट को मित्र बनाकर गले लगाया, शबरी माता के झूठे बेर खाए थे, विदुर के घर में जाकर भाजी खिचड़ी खाए। कलयुग के प्रधान देवता महाप्रभु जगन्नाथ हैं। सर्वप्रथम भगवान जगन्नाथ की पूजा सबर जनजाति के लोगों ने की। वे वन



में निवास करते थे। सबसे पहले भगवान जगन्नाथ ने सबरों के हाथ से भोजन ग्रहण किए इसीलिए उन्हें सबरनाथ कहा जाता है। आगे कथा में बताया कि व्यक्ति केवल पुस्तक पढ़ने से ज्ञानी नहीं बन सकता है। जब व्यक्ति गुरु की शरण में रहकर आशीर्वाद के साथ ही भगवान की कृपा प्राप्त करता है तभी वह सही मायने में ज्ञानी कहलाता है। अंत में रूक्मणि विवाह की कथा सुनाई गई। आरती पूजन कर 6 बजे प्रसादी वितरण किया गया। मौके पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी सचिव तारिणी चंद्राकर, लोकेश साहू भाजपा सिर्री मंडल अध्यक्ष, टिकेश साहू संरक्षक सरपंच संघ कुरूद, हरिशंकर साहू अध्यक्ष सरपंच संघ कुरूद, उपाध्यक्ष पूजा साहू, मीडिया प्रभारी योगेश साहू, जनपद सदस्य उर्वशी बांधेकर, टेकराम साहू जनपद सदस्य, पूरण घृतलहरे सरपंच अछोटी, दीपदान साहू उपसरपंच सिवनीकला, ओमप्रकाश यादव सरपंच भैंसमुंडी, मुकेश साहू अछोटी, अर्जुनपुरी गोस्वामी अध्यक्ष राजमानस संघ छग, रेलहाराम साहू सहित अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

### शंकरदाह स्कूल में हुई शिक्षक-पालक बैठक

**धमतरी।** शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल शंकरदाह में शिक्षक पालक बालक की मेगा बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर शाला विकास एवं प्रबंधन समिति के अध्यक्ष हेमंत साहू, सरपंच रमी गौतम, शिक्षाविद लक्ष्मणराव मगर, शाला विकास समिति के सदस्य मानिक सिन्हा, अमृत ध्रुव, प्राचार्य श्रीमती शोभा दुबे समेत शिक्षकगण व छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।




